# बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
# झाँसी

## प्रशासकीय परिषद की 28वीं बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक संख्या | : | 28 वीं |
| स्थान | : | सभागार<br>बी0आई0ई0टी0,<br>झाँसी। |
| दिनांक | : | 17 मई, 2019 |
| समय | : | पूर्वान्ह् 11.30 बजे |

# बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झाँसी की

## प्रशासकीय परिषद की 28वीं बैठक का कार्यवृत्त

बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झाँसी की 28 वीं बैठक आज दिनांक 17.05.2019 को पूर्वान्ह् 11.30 बजे माननीय अध्यक्ष, इं0 राकेश गुप्ता, झाँसी की अध्यक्षता मे सभागार, बी0आई0ई0टी0, झाँसी मे सम्पन्न हुई।

**बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | इं0 राकेश गुप्ता<br>37/02, सिविल लाइन्स<br>झाँसी। | ........... | अध्यक्ष |
| 2. | श्री शैलेन्द्र कुमार चौधरी<br>संयुक्त निदेशक<br>प्राविधिक शिक्षा<br>बुन्देलखण्ड़ क्षेत्र<br>झाँसी। | ........... | उपाध्यक्ष (प्रतिनिधि) |
| 3. | श्री राम कृपाल बिन्द<br>अपर निदेशक<br>कोषागार एवं पेंशन<br>झाँसी मण्ड़ल,<br>झाँसी। | ........... | सदस्य (प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, वित्त) |
| 4. | प्रो0 एस0 पी0 शुक्ला<br>निदेशक<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज<br>बाँदा। | ........... | सदस्य (प्रतिनिधि कुलपति, डा0 ऐ0पी0जे0अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ) |
| 5. | श्री एस0 के0 यादव<br>प्राचार्य<br>राजकीय पालीटेक्निक<br>झाँसी। | ........... | सदस्य (प्रतिनिधि निदेशक प्राविधिक शिक्षा उ0 प्र0) |
| 6. | श्री डी0 के0 दीक्षित<br>कार्यपालक निदेशक<br>बी0एच0ई0एल0<br>झाँसी। | ........... | सदस्य |

7. डा0 डी0 बी0 शाक्यवार ........... सदस्य
प्रमुख वैज्ञानिक
आई0सी0ए0आर0
सी0एस0डब्लू0आर0आई0
अविका नगर, वाया–जयपुर
राजस्थान।

8. प्रो0 गौरी शंकर ........... सदस्य
रिटायर्ड प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
बायोकैमिकल इंजी0 एवं फूड टेक्नोलाजी
एच0बी0टी0आई0,
कानपुर।

9. प्रो0 मुकेश शुक्ला ........... सदस्य
प्रोफेसर
सिविल इंजी0 विभाग
बी0आई0ई0टी0,
झाँसी।

10. प्रो0 ए0 के0 निगम ........... सदस्य
प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
सिविल इंजी0 विभाग
बी0आई0ई0टी0,
झाँसी।

11. प्रो0 वी0 के0 त्यागी ........... सदस्य सचिव
निदेशक
बी0आई0ई0टी0
झाँसी।

**जो सदस्य उपस्थित न हो सके :–**

1. प्रो0 अभय करिन्दकर ........... सदस्य
निदेशक
आई0आई0टी0,
कानपुर।

2. प्रो0 अजीत के0 चतुर्वेदी ........... सदस्य
निदेशक
आई0आई0टी0,
रुड़की।

3. प्रो0 एच0 डी0 चरन ........... सदस्य
कुलपति
राजस्थान प्राविधिक विश्वविद्यालय
कोटा (राजस्थान)।

4. प्रो0 एस0 जी0 देशमुख ........... सदस्य
निदेशक
आई0आई0आई0टी0,
ग्वालियर।

5. प्रो0 विनोद यादव ........... सदस्य
निदेशक
एन0आई0टी0
हमीरपुर (हिमांचल प्रदेश)।

6. इंजी0 पी0 ए0 खरवड़कर ........... सदस्य
मैनेजिंग डायरेक्टर
करोना प्लस इंड्स्ट्रीज
कौशलपुरी,
कानपुर।

7. प्रो0 अकील अहमद ........... सदस्य
कुलपति
इन्टीग्रल विश्वविद्यालय
लखनऊ।

28.01 **प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 15 अप्रैल, 2019 को सम्पन्न हुई सत्ताइसवीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

परिषद ने विचारोपरान्त प्रशासकीय परिषद की दिनांक 15 अप्रैल, 2019 को सम्पन्न हुई 27 वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

28.02 **प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 15 अप्रैल, 2019 को सम्पन्न हुई सत्ताइसवीं बैठक मे लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण से परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांक 15 अप्रैल, 2019 को सम्पन्न हुई 27वीं बैठक में लिये गये निर्णयों की कृत्त कार्यवाही से परिषद अवगत हुई। परिषद द्वारा कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया।

परिषद ने मद संख्या 27.02 पर सोलर सिस्टम की स्थापना हेतु गठित समिति के तुलनात्मक अध्ययन उपरान्त समिति द्वारा रेस्को माडल के माध्यम से कार्यवाही किये जाने हेतु प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव के अवलोकनोपरान्त यह निर्देशित किया कि, उक्त पर वित्तीय व उपयोगिता की व्यवहारिकता को ध्यान मे रखते हुए समिति पुनः अध्ययन कर अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करे। इसके साथ ही सोलर सिस्टम से सम्बंधित अन्य एजेंसियों के माध्यम से भी उक्त का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए यथाशीघ्र कार्यवाही पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

परिषद ने मद संख्या 27.03 पर एक्रीडिटेशन से सम्बंधित संकाय सदस्यों की संख्या की गणना को लेकर एस0ए0आर0 अपलोड करने हेतु समस्याओं के समाधान हेतु समन्वयक एक्रीडिटेशन को ए0आई0सी0टी0ई0 व एन0पी0आई0यू0 मे व्यक्तिगत रूप से मिल कर समयानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

परिषद मद संख्या 27.04 के बिन्दु-1 पर संस्थान को प्राविधिक विश्वविद्यालय (आवासीय) के रूप में उच्चीकृत किये जाने

VICL
20/05/19

20/5/19

के प्रस्ताव के क्रम में शासन को प्रेषित किये जाने वाले प्रस्ताव के प्रारूप से अवगत हुई तथा उक्त हेतु यथाशीघ्र कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

परिषद ने मद संख्या 27.04 के बिन्दु-3 पर संस्थान परिसर मे समस्त वेस्ट वाटर को रिसाइकल किये जाने हेतु सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट (एस0टी0पी0) की स्थापना किये जाने के क्रम में संस्थान की आवश्यकताओं के अनुरूप उक्त कार्य को चरणबद्ध रूप से कराये जाने हेतु निर्देशित किया।

28.03 **<u>वित्तीय वर्ष 2018-19 मे विश्व बैंक सहायतित टीईक्यूआईपी-।।। से सम्बंधित प्रगति आख्या तथा वित्तीय वर्ष 2019-20 के प्रथम क्वार्टर हेतु एन0पी0आई0यू0 को प्रेषित एक्सन प्लान परिषद के अवलोकनार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।</u>**

परिषद ने संस्थान मे चल रही विश्व बैंक सहायतित टीईक्यूआईपी-।।। परियोजना के अर्न्तगत व्यय किये जाने वाले मदों की उपयोगिता को ध्यान मे रखते हुए सम्यक कार्यवाही करते हुए धन का उचित उपयोग किये जाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही परिषद ने यह भी निर्देशित किया कि, संस्थान मे खरीदे जा रहे उपकरणों का प्रयोग किया जाये तथा विभागाध्यक्ष को क्रय किये गये/ किये जा रहे उपकरणों की उपयोगिता के प्रति जवाबदेही हेतु लिखित रूप से जिम्मेदार बनाये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिया जाये।

साथ ही समस्त विभागों का दिनांक 01 जून, 2019 से अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद द्वारा निरीक्षण हेतु समय सारणी बनायी जाये एवं विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया जाये कि उक्त निरीक्षण के समय एक्रीडिटेशन को ध्यान मे रखते हुए समस्त तैयारियों/ प्रयोगशालाओं को व्यवस्थित किये जाने हेतु भी निर्देशित किया।

परिषद ने संस्थान के छात्रों के प्लेसमेन्ट प्रतिशत पर असंतोष व्यक्त करते हुए प्लेसमेन्ट अध्यक्ष/ प्रभारी को आगामी जून माह मे प्रस्तावित प्रशासकीय परिषद की बैठक मे प्लेसमेन्ट प्रतिशत को

VICL 20/05/19    20/5/19

बढाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने तथा उक्त से सम्बंधित पिछले तीन वर्षो के प्लेसमेन्ट विवरण को प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया।

परिषद ने संस्थान मे चल रही टी0ई0क्यू0आई0पी0–।।। परियोजना के वर्ष 2019–2020 हेतु तालिका–4 मे प्रस्तुत किये गये एक्शन प्लान से अवलोकित होते हुए अनुमोदन प्रदान किया।

28.04 **<u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य विषय पर विचार एवं स्वीकृति।</u>**

परिषद संस्थान की विद्या परिषद मे नामित किये जाने वाले विशेषज्ञों के प्रस्तुत प्रस्ताव से अवगत होते हुए चार विशेषज्ञों को दो वर्ष के लिए नामित किया जो निम्नवत् हैं –

1. इं0 डी0 के0 दीक्षित, कार्यपालक निदेशक, बी.एच.ई.एल., झाँसी।
2. नीरज अम्बास्ट, डी.आर.एम., झाँसी।
3. प्रो0 एस0 के0 अवस्थी, पूर्व निदेशक, बी.आई.ई.टी., झाँसी।
4. प्रो0 के0 के0 पन्त, आई.आई.टी., दिल्ली।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त समाप्त हुई।

20/05/19

(प्रो0 वी0 के0 त्यागी)
सदस्य सचिव, प्रशासकीय परिषद
एवं
निदेशक, बीआईईटी, झाँसी।

20/5/19

(इं0 राकेश गुप्ता)
अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
बीआईईटी, झाँसी।